**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 05.09.2025 समय : 1850

**<><><><><><><>**

- शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति ने बेटियों की शिक्षा पर दिया जोर, प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को स्वदेशी का होमवर्क दिया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में शिक्षक दिवस बना प्रेरणा पर्व– टैगोर कॉलेज में श्रद्धा, संस्कृति और सम्मान का संगम हुआ।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की छियालीस दुकाने किराया न चुकाने पर सील की गई।
- फरारगंज में राज्य महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा लैंगिक संवेदनशीलता पर दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**<><><><><><><>**

नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के दाखिले में बालिकाओं की संख्या बढ़ी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि देश के विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्तम शिक्षा दी जाए।

**<><><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार पाने वाले शिक्षकों को संबोधित करते हुए गुरु–शिष्य परंपरा को भारत की ताकत बताया और कहा कि शिक्षक न सिर्फ बच्चों को साक्षर बनाते हैं बल्कि उनमें देशभक्ति और स्वावलंबन की भावना भी जगाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार नवरात्रि से देश को आर्थिक सुधारों का बड़ा लाभ मिलेगा। बाईस सितंबर, सोमवार से यानी नवरात्रि के पहले दिन से नई जी.एस.टी दरें लागू होंगी। अब केवल दो जी.एस.टी स्लैब होंगे पांच प्रतिशत और अटठारह प्रतिशत उन्होंने इसे '**जी.एस.टी टू पॉइन्ट जीरो**' करार देते हुए कहा कि इससे हर परिवार की बचत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी। शिक्षक दिवस पर उन्होंने कहा कि वह बदलाव के लिए शिक्षकों को एक "**होमवर्क**" देना चाहते हैं। उन्होंने स्कूलों से '**स्वदेशी दिवस**' या '**स्वदेशी सप्ताह**' जैसे अवसर मनाने का आग्रह किया।

**<><><><><><><>**

टैगोर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ एजुकेशन सभागार में शिक्षक दिवस समारोह उत्साह और श्रद्धा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डॉ. मंजुलता राव ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ की। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने संगीत, नृत्य और नाटक सहित विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें शिक्षकों के प्रति गहरी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया गया।

**<><><><><><><>**

श्री विजयपुरम नगर परिषद की विभिन्न मार्केट में स्थित छियालीस दुकानों को किराया न चुकाने के कारण सील कर दिया गया है। किराएदारों को एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से एक माह के भीतर अपना किराया चुका दें। ऐसा न करने पर उनका आवंटन रद्द कर दिया जाएगा और बकाया राशि की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**<><><><><><><>**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने हाल ही में किए गए जी.एस.टी संशोधन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय की सराहना की है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कहा कि यह संशोधन व्यापारियों और उद्यमियों के साथ–साथ आम उपभोक्ता को भी लाभ पहुंचाने वाला है। उन्होंने इसे जनहित में उठाया गया ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में कार्य किया है। प्रदेश अध्यक्ष श्री तिवारी ने विश्वास व्यक्त किया कि इस फैसले से कारोबार सुगमता को बढ़ावा मिलेगा और अंडमान–निकोबार की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी सकारात्मक प्रभाव मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेज़ी से प्रगति कर रहा है और आने वाले वर्षों में विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्तियों में शामिल होगा।

**<><><><><><><>**

राज्य महिला सशक्तीकरण केंद्र, समाज कल्याण निदेशालय द्वारा फरारगंज में दस दिवसीय विशेष अभियान के तहत लिंग संवेदनशीलता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एस.आई एग्नेस बार्थलोमा ने लैंगिक असमानता और POSH अधिनियम पर चर्चा करते हुए महिलाओं को

बिना हिचक दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने का आह्वान किया। डॉ. नीतू सिंधु और पी. दीपा लक्ष्मी ने लैंगिक समानता को परिवार और बचपन से ही बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन पर बी.डी.ओ ललिता तिग्गा ने कहा कि लैंगिक समानता स्थापित करने में पुरुष और महिला दोनों की समान जिम्मेदारी है।

<><><><><><>

प्रशिक्षित नर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, अंडमान–निकोबार शाखा ने तमिलनाडु नर्स और मिडवाइव्स काउंसिल की सहमति से एक और दो सितम्बर को श्री विजयपुरम के आयुष सम्मेलन हॉल, में **"सम्मानजनक मातृत्व देखभाल"** पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी ने किया। विशेषज्ञ वक्ताओं ने मातृ स्वास्थ्य की चुनौतियों, महिला–केंद्रित देखभाल, कानूनी–नैतिक पहलुओं और नर्सों की भूमिका पर विचार रखे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित छप्पनवीं जी.एस.टी परिषद की बैठक में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का स्वागत किया है। परिषद द्वारा घोषित नई जी.एस.टी दरों से आम उपभोक्ताओं, मध्यम वर्ग और व्यापार समुदाय को राहत मिलेगी। ए.एन.सी.सी.आई ने कहा कि विशेषकर अंडमान–निकोबार जैसे दूरदराज़ क्षेत्रों में यह कदम महत्वपूर्ण है, जहाँ परिवहन लागत उपभोक्ताओं पर सीधा प्रभाव डालती है। संगठन ने इन सकारात्मक सुधारों को द्वीपवासियों के लिए बड़ी राहत बताया।

<><><><><><>

बिजली बिलों के ऑनलाइन भुगतान के लिए ऊर्जा पे पोर्टल आज रात आठ बजे से कल सुबह आठ बजे तक उपलब्ध नहीं रहेगा। यह डाउन टाइम राज्य डाटा केंद्र द्वारा पोर्टल को उन्नत सर्वर पर स्थानांतरित करने और आधिकारिक डोमेन नाम को andaman.gov.in से andamannicobar.gov.in में बदलने की प्रक्रिया के कारण होगा। इसके बाद सेवाएँ पुनः शुरू हो जाएँगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला मजिस्ट्रेट अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा की व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूजा पंडालों व विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा, मूर्तियों की ऊँचाई सोलह फीट से कम रखी जाएगी तथा पर्यावरण–अनुकूल सामग्री का उपयोग अनिवार्य होगा। अग्नि व विद्युत सुरक्षा उपाय, लाउडस्पीकर का उपयोग रात दस बजे तक किया जाएगा। जिला नियंत्रण कक्ष में सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया जाएगा।

<><><><><><>

जी.एस.एस नमुनाघर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौसठवें शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान नंदकिशोर पांडे ने विद्यालय के चार शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं निष्ठा के लिए प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किया। छात्रों एवं स्टाफ ने शिक्षकों के योगदान को सराहा और उनके मार्गदर्शन को अमूल्य बताया।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क दो हजार पच्चीस की मुक्त विश्वविद्यालय श्रेणी में लगातार दूसरी बार पहला स्थान प्राप्त किया है। कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल ने इस उपलब्धि के लिए संकाय और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इग्नू का लक्ष्य सभी को, हर जगह, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

<><><><><><>